2 हरा घोड़ा

STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

एक बार बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल के साथ घोड़े पर बैठकर बग़ीचे की सैर कर रहे थे। चारों तरफ हरियाली को देखकर उनका मन प्रसन्न हो गया।

बादशाह अकबर ने सोचा कि यदि मेरे पास हरे रंग का घोड़ा होता तो मैं उस पर बैठकर हरे-भरे खेतों की सैर करता। बस फिर क्या था। बादशाह अकबर ने बीरबल से कहा, "मैं तुम्हें एक सप्ताह का समय देता हूँ कि तुम मेरे लिए हरे रंग के घोड़े का प्रबंध करो, वरना अपनी सूरत मुझे कभी भी मत दिखाना।"

बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल की बुद्धिमानी की परीक्षा लेना चाहते थे। इसलिए उन्होंने बीरबल से हरे रंग का घोड़ा लाने के लिए कहा था, जबकि बादशाह अकबर और बीरबल दोनों यह बात अच्छी तरह जानते थे कि संसार में कहीं भी हरे रंग का घोड़ा नहीं होता है।

एक सप्ताह तक बीरबल इधर-उधर घूमता रहा और आठवें दिन बादशाह अकबर के दरबार में जाकर बोला, "हुज़ूर, आपके लिए मैंने हरा घोड़ा खोज ही लिया।"

बादशाह अकबर को बीरबल की इस बात को सुनकर बहुत आश्चर्य हुआ। वे सोचने लगे कि जब हरा घोड़ा होता ही नहीं तो बीरबल ने कैसे खोज लिया। बादशाह अकबर ने उत्सुकता से कहा, "बीरबल! हरा घोड़ा कहाँ है? मैं उसे तुरंत ही देखना चाहता हूँ।"

बीरबल ने उत्तर दिया, "हुज़ूर, हरे घोड़े के मालिक की दो शर्तें हैं, इसलिए घोड़े को अभी आप नहीं देख सकते।"

"कैसी शर्तें?" अकबर ने पूछा।

Stepping Stone School (High)
Class:- III
Sub:- 2nd Lang (High)
Worksheet No. (9)
Date :- 05/05/'20 Time Limit:- 30 min

बच्चों, दिए गए पाठ का मैं आपको जितना हिस्सा भेज रही हूँ उसमें बताया गया है - एक बार बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल के साथ घूमने गए थे, चारों तरफ की हरियाली देखकर उनका मन हरे घोड़े पर चढ़ने की हुई। वे अपने मंत्री बीरबल जो बहुत ही बुद्धिमान व्यक्ति थे, उनकी बुद्धिमानी की परीक्षा लेना चाहते थे। इसलिए उन्होंने बीरबल को हरे रंग का घोड़ा लाने को कहा, परंतु इसके लिए बीरबल ने बादशाह अकबर को दो शर्तें मानने को कहा।

दिए गए वर्तनी को एक पेपरसीट में उतारें और याद करें।

वर्तनी

1) बादशाह
2) मंत्री
3) प्रसन्न
4) सप्ताह
5) प्रबंध
6) सूरत
7) बुद्धिमानी
8) परीक्षा
9) आश्चर्य
10) शर्त

दिए गए शब्दार्थ को पेपरसीट में उतारें और याद करें

1) बादशाह = राजा
2) प्रसन्न = खुश
3) प्रबंध = इंतज़ाम
4) खोज = तलाश
5) संसार = दुनिया
6) सूरत = शक्ल